## एक नजर में

### कपास नीलामी का मुहूर्त आज


**भीकनगांव, निप्र।** कृषि उपज मंडी समिति भीकनगांव के सचिव ने एक जानकारी में बताया कि भीकनगांव में 4 सितंबर गुरुवार को 12-15 बजे से नवीन कपास नीलामी का मुहूर्त रखा गया है सचिव ने समस्त कृषकों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक तादाद में कृषि उपज मंडी प्रांगण में अपना कपास बेचने के लिए लावें ताकि उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सके।

### अदलपुरा में 23वर्षीय युवक ने घर में फांसी के फंदे से लटककर सुसाइट किया

**गोगावा, निप्र।** समीप के ग्राम अदलपूरा में मंगलवार शाम को 23वर्षीय दशरथ पिता डेबा जाति कहार ने घर की छत से साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है बताया जा रहा है कि दशरथ की मां बसंती बाई मजदूरी करने गई थी युवक घर में अकेला था शाम को उसकी मां घर पहुंची और अंदर देखा तो दशरथ साड़ी के फंदे से लटक रहा था लोगो ने पुलिस को सूचना देकर बुलाया मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है।

### वेदा नदी के पुल पर पिलरो में आई दरार भारी

**गोगावा, निप्र।** वेदा नदी के 67साल पुराने पुल के पिलरो में शनिवार को ग्रामीणों को दरार देखने में आई है 16 पीलरो पर खड़े इस पुल की एरनो में



दरार दीखने से लोग चिंता में पड़ गए हे यह पुल पुराना होने के साथ ही काली के चुने से निर्मित हुआ है वही यह अब अनफिट की श्रेणी में खड़ा है ग्रामीणों ने पहले भी दूसरे पुल के निर्माण की मांग की थी। बताया जा रहा है कि वर्ष 2010 में भी आई बाड़ की तबाही से यह पुल कमजोर हो गया था जिसका विभाग ने मरम्मत कार्य भी करवाया था वही अब जबकी अभी तो सही बारिश भी नही हुई है और पुल कमजोर हो रहा है इसका मुख्य कारण भारी वाहनों का गुजराना बताया जा रहा है जिससे की एप्रोज रोड को भी इससे नुकसान हो सकता है समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया तो बड़ा हादसा होने की बात भी ग्रामीण कर रहे है वही इस पुल की कमजोरी एमपीआरडीसी के अधिकारी धनसिंह मुवेल को भी बताई गई रविवार को इस संबंध में मुवेल से हमारे प्रतिनिधि की मोबाइल पर चर्चा हुई इनका कहना है की शाम तक इसके फोटो सेशन कर भोपाल भेजे जाएंगे वहा से टीम आकर इस पुल का निरीक्षण करेगी। बताया जा रहा हैं की थर्मल पॉवर प्लांट मूंदी व सेल्दा डालची से भारी भरकम राखड बलकर वाहनों के गुजरने से पुल कमजोर हो रहा है एक ही मार्ग है जो की सनावद खरगोन के साथ ही भिकंनगाव तहसील के कई गावों का सीधा संपर्क जिला मुख्यालय की ओर जाता है अगर यह पुल बैंड होता है तो ग्रामीणों को आठ किलोमीटर फेर खाकर दयालपुरा पिपरी की ओर से आना होगा भारी वाहनों के लिए मुश्किल है।

### श्रीमंत बाजीराव पेशवे की 325 वीं जयंती पर 7 को होगी व्याख्यान माला




**खरगोन।** श्रीमंत बाजीराव पेशवे प्रथम स्मृति प्रतिष्ठान मध्य प्रदेश की बैठक रामकृष्ण कॉलोनी में आयोजित कि गई। इस बैठक में श्रीमंत बाजीराव पेशवे जी की 325 वीं जयंती के अवसर पर सनातन हिंदू पंचांग की तिथि भाद्रपद पूर्णिमा तदनुसार 7 सितंबर को पीजी कॉलेज खरगोन में व्याख्यान का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों के द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर हुए हमले के विरोध में चढ़ा सियासी पारा, युवक कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा



**खरगोन।** म.प्र. कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी रतलाम में हुए पत्थर से हमले के बाद सियासी पारा पढ़ गया है। मंगलवार को युवक कांग्रेस ने पटवारी पर हुए हमले को जानलेवा हमला करार देते हुए मुख्यालय पर प्रदर्शन करते आईजी के नाम ज्ञापन सौंपा। एसडीएम कार्यालय पहुंचे कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने नारेबाजी कर अपना आक्रोश दर्ज कराया। अध्यक्ष नितेश मंडलोई ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि 31 अगस्त को रतलाम प्रवास के दोरान प्रदेश कांग्रेस पटवारी पर अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमला किया, यह उनकी सुरक्षा में भारी चुक है। पुर्व में भी इस तरह के हमले हो चुके है, बावजूद उसके मप्र की सरकार उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर नही है। युवक कांग्रेस के कार्याकर्ताओं ने मप्र सरकार को सचेत करते हुए कहा की कांग्रेस नेताओं के खिलाफ हो रही घटनाओं को बर्दाशत नही करेगी। ज्ञापन में मांग की है कि पटवारी को तत्काल प्रर्याप्त सुरक्षा दी जाए, प्रदेश में फैल रहे नशे के कारोबार पर तत्काल रोक लगाई जाए। अन्यथा युवक कांग्रेस उग्र आन्दोलन को बाध्य होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### रैंपवॉक में बच्चों ने दिखाया फिल्मी अंदाज, किसी पुष्पा राज तो किसी ने दिखाया भगवान का विट्ठल स्वरूप



**खरगोन।** गणेश उत्सव में भक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उत्साह चरम पर है। रविवार को गौरी धाम स्थित देवयानी सभागृह में श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज के गणेश पांडाल में बच्चों के लिए कैटवॉक और रैंप वॉक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नन्हें- मुन्नों बच्चों ने नटखट अंदाज में देवी-देवताओं के साथ ही फिल्मी अंदाज दिखाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों के इस अंदाज को देख उपस्थित पालकों के साथ ही समाजजनों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। वत्सल जोशी ने सभी दर्शकों को भगवान के विट्ठल स्वरूप में सजकर दर्शन दिए। लक्ष्य तिवारी, प्रहर जोशी ने पुष्पाराज बनकर रैंप वॉक किया। आरोही सर कानूनगो ने राजस्थानी बिंदनी, आद्या, अनाद्या पंडित और प्रणामी पंड्या ने मॉडर्न गर्ल बनकर केट वॉक किया तो पांडाल तालियों से गूंज उठा। जिलाध्यक्ष मधुसूदन दुबे ने सभी प्रतिभागियों को अपनी ओर से पुरस्कार देने की घोषणा की। समाज अध्यक्ष जितेंद्र जोशी और महिला केंद्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष स्वधा पंडित ने बताया कि गणेश उत्सव में समाज जनों के लिए कई मनोरंजक कार्यक्रम रखे गए है।

# आदि कर्मयोगी अभियान के तहत डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब का शुभारंभ





नवभारत न्यूज

**खरगोन। आदि कर्मयोगी अभियान के तहत 2 से 4 सितंबर तक विकासखंड मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला 'डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब' का कन्हैया कुंज में आयोजन किया जा रहा है।**

कार्यशाला का सांसद खरगोन-बड़वानी श्री गजेन्द्र सिंह पटेल, कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल और जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथियों ने इस अवसर पर प्रतीकात्मक रूप से प्रतिभागियों को बैज भी पहनाए।

कलेक्टर सुश्री मित्तल ने बताया कि खरगोन जिले में धरती आबा उत्कर्ष अभियान के 424 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में आदि कर्मयोगी अभियान संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत 15 नवंबर तक ग्रामों के विजन प्लान 2030 तैयार किए जाने है, जो विकासखंड और जिला स्तर पर संकलित कर भारत शासन को प्रेषित किए जाएंगे। अभियान की क्रियान्वयन में सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिसे प्रोसेस लैब का नाम दिया गया है। भोपाल से प्रशिक्षण प्राप्त जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स चेंज चैंपियन आगामी तीन दिनों तक विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स चेंज मेकर को प्रशिक्षित करेंगे। अगले सप्ताह जिले के नौ विकासखंड में दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला-ब्लॉक प्रोसेस लैब का भी आयोजन किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत हर ग्राम में आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी और आदि साथी की नियुक्ति की गई है, जो ग्रामों के विज़न प्लान तैयार करने में सहायक होंगे। उन्होंने बताया कि 'डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब आवासीय कार्यशाला होने के कारण विशिष्ट है, जिसके दौरान प्रतिभागियों को सामान्य विभागीय कार्यों से मुक्त रखा गया है। उन्होंने प्रतिभागियों का आह्वान किया कि वे कार्यशाला में उत्साह से अभियान के आदर्शों को गहराई से समझें। विभागों के बीच समन्वय करके ऊपर से थोपे हुए शासन के स्थान पर अभियान लोगों के सुझाव लेकर गवर्नेंस करने को दिशा दिखाता है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिंह ने विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिया गया मार्गदर्शन प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन करेगा। इससे पूर्व सहायक संचालक जनजातीय कार्य श्रीमती कविता आर्य ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।

#### खरगोन के 424 ग्रामों के विकास को मूर्तरूप मिला

सांसद पटेल ने बताया कि जनजातीय उत्थान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबका साथ, सबका विकास की सोच आदि कर्मयोगी अभियान की जनक है। भारत की आत्मा जनजातीय समुदाय में बसती है, जिसकी अपनी विशिष्ट संस्कृति और परंपरा है। आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला जनजातीय समुदाय संवैधानिक प्रावधानों के बावजूद विकास की दौड़ में पिछड़ गया था। आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय विकास के इस अंतर को कम करने की पहल है। उन्होंने कहा कि डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब के प्रतिभागियों को 2047 के विकसित भारत की संकल्पना में खरगोन के 424 ग्रामों के विकास को मूर्तरूप देने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागी कर्तव्यबोध, नवाचार और ऊर्जा से काम करें जिससे अभियान को सफल बनाया जा सके।

# ज्योतिनगर गणेशोत्सव में कलेक्टर-एसपी ने की महाआरती

### पांडाल को छत्रपति शिवाजी के किले का दिया स्वरुप, मनोहारी मूर्ति और पांडाल की भव्यता निहारने पहुंच रहे भक्त

नवभारत न्यूज

**खरगोन। शहर के ज्योतिनगर में गणेशोत्सव की धूम चरम पर है। यहां पेशवाई स्वरुप में बना पांडाल भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। सुंदर कारीगरी जगमगाते राजसी पांडाल में शिवाजी के अंदाज में विराजित बप्पा की मूर्ति के साथ पांडाल की भव्यता निहारने रोजाना बड़ी संख्या में भक्तों का जमावड़ा लग रहा है।**



उत्सव के 6ठे दिन कलेक्टर भव्या मित्तल एवं एसपी धर्मराज मीना ने भी बप्पा की मनोहारी मूर्ति के दर्शन कर महाआरती की। कलेक्टर ने आयोजन की भव्यता देखते हुए पांडाल को छत्रपति शिवाजी के किले और उनकी बैठक मुद्रा में स्थापित प्रतिमा के दर्शन से न केवल युवा पीढ़ी में धर्म की प्रति जागरुकता बढ़ेगी, बल्कि उन्हें हमारे महापुरुषों और धर्म को जानने की रुचि भी होगी।

एसपी मीना ने कहा कि यहां होने वाले धार्मिक आयोजन, व्यवस्था सराहनीय होती है। यहां भव्य पांडाल के साथ ही होने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हजारों की संख्या में लोग आते है लेकिन समिति द्वारा इतनी भीड़ के बाद भी शांतिपूर्वक आयोजन कराए जाते है, इसके लिए आयोजन और समिति बधाई की पात्र है।

इस दौरान समिति के इंजी. नितिन मालवीय ने कहा कि गणेशोत्सव और नवरात्री यह दो ऐसे बड़े पर्व है, जो समाज में सकारात्मकता, सामाजिक सरोकार और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते है। इसमें सभी वर्ग के लोग मिलकर व्यवस्था करते है, जो इस पर्व की महत्ता के साथ ही संगठन की शक्ति को दर्शाता है। हमारा प्रयास होता है कि इन दोनों आयोजनों में भक्तों के लिए कुछ नया श्रृंगार, सजावट और भव्यता प्रदान करें, जिससे यह त्यौहार सबके लिए यादगार बन सके।

#### एक मिनट प्रतियोगिताओं में खिले चेहरे

आयोजन समिति के दिलीप सोनी ने बताया कि गणेशोत्सव में रोजाना धार्मिक, सांस्कृतिक गतिविधियां हो रही है। शुक्रवार रात एक मिनट प्रतियोगिताएं रखी गई, जिसमें आज नींबू रेस और वरमाला जैसी प्रतियोगिताओं में जहां प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला, वहीं दर्शकों को एक मिनट में प्रतियोगिता जितने के लिए किए जा रहे प्रयासों ने खुब गुदगुदाया। और कौशल का प्रदर्शन किया और सभी ने इसे बहुत एंजॉय किया। आयोजन के दौरान भक्तों ने बप्पा की भक्ति के साथ ही खेलों के उत्साह का आनंद भी लिया।



### विद्यार्थियों के लिए पुन: नि:शुल्क बस सेवा प्रारंभ

**खरगोन।** उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस खरगोन में विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क बस सेवा पुन: प्रारंभ की गई है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री दीपक कानूनगो ने कहा कि शासन और महाविद्यालय की यह पहल विद्यार्थियों की शिक्षा यात्रा को और अधिक सहज बनाएगी। इससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले छात्र-छात्राओं को अत्यधिक लाभ मिलेगा। समिति सदस्य श्री श्याम गुप्ता ने भी इस सुविधा को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी कदम बताया।

प्राचार्य डॉ. जी.एस. चौहान ने कहा कि नि:शुल्क बस सेवा विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करेगी और उनकी पढ़ाई पर सकारात्मक प्रभाव डालेगी। प्रशासनिक अधिकारी एवं बस सेवा प्रभारी डॉ. डी.एस. बामनिया ने बताया कि बस सेवा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार संचालित होगी तथा इसमें विद्यार्थियों की आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। महाविद्यालय परिवार ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे विद्यार्थियों के हित में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी कदम बताया।

### आज निकलेगा भगवान श्रीकृष्ण का डोला विद्युत रोशनी से सुसज्जित एक दर्जन झाकियों भी निकलेगी

नवभारत न्यूज



**गोगावा, निप्र।** गणेश उत्सव की धूम के साथ ही आज भगवान श्रीकृष्ण बलराम का डोला निकाला जाएगा श्रीकृष्ण मंदिर से दोपहर में भगवान का डोल गांव की गलियों में घूमेगा बुधवार रात्रि में ही यहा डोल ग्यारस के उपलक्ष में विद्युत साजसज्जा से रहित चलित झाकियों का कारवां भी निकलेगा बताया जा रहा है की यहां एक दर्जन आकर्षक झाकियां निकलेगी जो की अदलपूरा स्थित साई मंदिर प्रांगण से रात्रि में प्रारंभ होकर शाहपुरा ग्राम के अंतिम छोर तक तीन किलोमीटर का सफर रातभर में तय करेगी यहां का डोल ग्यारस उत्सव जो की निमाड़ में अब तक बहुत प्रसिद्धि पा चुका है विगत तेरह वर्षो से गोगावा में सामाजिक ग्रुप के युवाओं द्वारा आकर्षक झाकियों के साथ ही अन्य प्रांतों के डीजे साउंड सिस्टम भी लाते रहते हैं जो की अपने आप में लोगो को आकर्षित करते हे यहा आसपास के जिलों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से भी हजारों की तादात में लोग झाकियों को निहारने के लिए पहुंचते हैं। वही कई सामाजिक बंधुओ द्वारा भक्तो के लिए कई स्वल्पहार स्टाल की व्यवस्था भी की जा रही है ।उसी को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने भी आयोजन कर्ताओं से शांति समिति की बैठक पहले ही आयोजित कर ली गई है । उधर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में एसडीओपी भिकंनगाव राकेश आर्य और थाना प्रभारी मंशाराम रोमडे ने बताया की भीड़ भाड़ की स्थिति में कोई भी अप्रिय घटना न हो इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे है वही सीसीटीवी कैमरो से निकलने वाली झाकियों और भीड़ पर पुलिस की पैनी निगाहे रहेगी।

### पॉक्सो अदालत ने बलात्कारी को दी 20 वर्ष की सजा

**मंडलेश्वर, निप्र।** एक नाबालिग को बहलाकर गुजरात भगा ले जाने वाले 19 वर्षीय युवक विक्रम पिता रमेश ठाकुर निवासी ग्राम पगारा तहसील धरमपुरी को मंडलेश्वर की पॉक्सो की विशेष अदालत के विशेष न्यायाधीश श्री रवि झारोला ने 20 वर्ष के कारावास की सजा दी है ।विशेष लोक अभियोजक पी एस अलावा ने बताया कि घटना 05 दिसंबर 23 की है एक नाबालिक रिचार्ज कराने के लिए गई तो लौटी नहीं पुलिस में शिकायत के बाद जांच में आरोपी द्वारा नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर गुजरात राजकोट ले जाने का मामला सामने आया था ।आरोपी को भारतीय दंड विधान की धाराओं 363 , 366ए, 376(2) (एन) 343 पॉक्सो एक्ट 5 (एल) एवं धारा 6 के तहत दोष दोष सिद्ध पाया गया ।न्यायाधीश ने पॉक्सो की धारा 5(एल) सहपठित 6 में 20 वर्ष का कारावास और 3000 अर्थदंड आय पी सी की धाराओं 366 में 5 वर्ष कारावास 1000 अर्थदंड 343 में 8 माह की सजा और 500 रूपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# सड़क निर्माण से गांव के विकास को मिलेगी गति : विधायक पाटीदार

### साढ़े 5 करोड़ से बनेगी टेमरना से धनगांव फाल्या सड़क , विधायक ने किया भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**खरगोन। विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यो, जनहितैषी योजनाओं और मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के लिए विधायक बालकृष्ण पाटीदार लगातार प्रयासरत है। मंगलवार को विधायक ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टेमरना से धनगांव और भावसिंग से भंडारा फाल्या जोडने् वाली 4.6 किमी की सड़क निर्माण का समारोह पूर्वक भूमिपूजन किया।**



उक्त सड़क का निर्माण 5 करोड़ 52 लाख 74 हजार की लागत से होगा। समारोह में विधायक ने कहा कि यह सड़क निर्माण ग्रामीणों के लिए बेहतर संपर्क मार्ग का काम करेगी। साथ ही यह क्षेत्र के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विधायक निधि से भी कई कार्य कराए जा रहे हैएजिससे गांवों का विकास तेजी से हो रहा है। गांव को मुख्य सड़क मार्ग से जोडने् से सामाजिक-आर्थिक विकास के साथ ही कृषि और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करेंगे। कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस दौरान मौजूद ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि यह मांग लंबे समय से भी, इस मांग पर विधायक ने सकारात्मक कदम बढ़ाते हुए पुरा किया है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मने, जनपद अध्यक्ष श्रीमती गंगा बाई मंडलोई, सरपंच रेवल सिंह, नरसिंह यादव, अजय राठौड़, भगवान गिन्नारे सहित कार्यकर्ता ओर ग्रामीणजन मौजूद रहे।

**एक नजर में** जनसुनवाई की कड़ी में कलेक्ट्रेट कार्यालय में हुआ आयोजन

# जनसुनवाई में 79 आवेदकों की सुनी समस्याएं, त्वरित निराकरण के निर्देश दिए

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 02 सितंबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें अपर कलेक्टर रेखा राठौर, संयुक्त कलेक्टर हेमलता सोलंकी, एसडीएम विजेन्द्र कटारे, डिप्टी कलेक्टर प्रताप कुमार आगास्या एवं अनिल जैन ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 79 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए थे।



वनग्राम बिलखेड़ के रहने वाले कालू पिता बच्चू ने जनसुनवाई में आवेदन देकर भूमि पर कब्जे की शिकायत की है। कालू का कहना है कि उनकी माता सियानी बाई पति बच्चू के नाम दर्ज भूमि पर गांव के कुछ लोगों मून्निया, जमाल, रेमाल और करण चार भाइयों ने कब्जा कर लिया है। आवेदक का कहना है कि ये लोग आए दिन गाली-गलौज करते हैं और शेष भूमि पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। कालू ने मांग की है कि उन्हें उनकी भूमि का पूर्ण कब्जा दिलाया जाए।

जनसुनवाई में रतनपुरा निवासी कृषक मोहनलाल दरियाव ने आवेदन देकर बताया कि वे प्रतिमाह अपना बिजली बिल जमा करते हैं, फिर भी मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, बडवाह (ग्रामीण) द्वारा 4 फरवरी 2025 को औचक निरीक्षण के दौरान बिजली चोरी का पंचनामा बनाकर उनके खिलाफ लोक अदालत के माध्यम से नोटिस जारी कर दिया। मोहनलाल का कहना है कि बिजली बिल नम्बर ह्3231005104 पर वे हर माह भुगतान करते हैं, जिसके बिल चेक कर सकते है। उनका कहना है कि विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी के जुर्म में अधिरोपित 32,449 रुपये जमा करने कहा है अन्यथा कार्यवाही होगी। उन्होंने बताया कि वे एक छोटे से मकान में रहते हैं और कृषक जीवनयापन करते हैं।

#### शीघ्र आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की

जनसुनवाई में कसरावद तहसील के ग्राम सत्राटी निवासी सीताराम पिता मांगीलाल ने शिकायत की है कि आवास योजना के लिए कई बार सर्वे में नाम दर्ज करवाया गया लेकिन रोजगार सहायक द्वारा उनका नाम सूची में नही जोड़ा गया। उनका कहना है कि ग्राम पंचायत द्वारा सूची प्रदर्शित नहीं की जाती, ताकि नाम देख सकें। सीताराम का कहना है कि उनका कच्चा मकान है बारिश और बंदरों की वजह से क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे बारिश में पानी आ जाता है और सामान गिला हो जाता है। उन्होंने शीघ्र आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।